**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>जी–20 के अंतर्गत प्रौद्योगिक महाविद्यालय में 25 सितम्बर से 09 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम</u>

पन्तनगर। 27 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा भारत की जी–20 की अध्यक्षता को उत्सव के रूप में मनाते हुये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. अलकनन्दा अशोक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता, निदेशकगण, विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों एवं छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में जी–20 के 07 मुख्य इंगेजमेंट थीम पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं छात्रों द्वारा गतिविधियां करायी जा रही हैं। साथ ही विश्वविद्यालय के छात्रों के लिये इनोवेटिव आइडिया प्रतियोगिता, जी–20 अमृतकाल विजनरी क्वीज् कॉन्टेस्ट एवं जी–20 छात्र फोरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम 25 सितम्बर से 09 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किये जायेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा. अलकनन्दा अशोक ने भारत द्वारा जी–20 के सफल आयोजन की बधाई दी एवं छात्रों को राष्ट्रनिर्माण में नये जोश के साथ जी–20 के उद्देश्यों का समावेश करते हुये, कैरियर में करने हेतु प्रेरित किया। जी–20 महिला एलईडी विकास वसुधैव कुटुम्बकम एवं डिजिटल असमानता की आवश्यकताओं को और बेहतर तरीके से राष्ट्रहित में करने के लिये आह्वान किया ताकि भारत 2047 तक अपने को विकसित राष्ट्रीय के रूप में तैयार कर सके, जिसमें आज के युवाओं की भागीदारी अतिमहत्वपूर्ण होगी। साथ ही साथ डा. अलकनन्दा अशोक ने सभा को संबोधित करते हुये आयोजन टीम को बधाई दी।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह ने सभा को संबोधित करते हुये जी–20 के तहत छात्रों के लिये इस प्रकार के अभूतपूर्व कार्यक्रम आयोजित करने में महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह आयोजन बेहद सफल होगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री रोबिंदर सचदेव, अध्यक्ष, द इमेजिनडिया इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली और विश्व विख्यात वैश्विक मामलों के विशेषज्ञ ने सभा को ऑनलाइन संबोधित किया और बताया कि भारत ने जी–20 कार्यक्रम में अपनी अध्यक्षता सफलतापूर्वक आयोजित की और वर्तमान के बदलते समीकरण को ध्यान में रखते हुए अपने व्यावहार हित और मानव हित को महत्व देते हुये अपने रणनीति तय करें। श्री रोबिंदर ने इस कड़ी में जियो और जीने दो, महिलाओं का नेतृत्व इत्यादि पर विचार व्यक्त किये। उन्होंने भारत की जी–20 में अफ्रीकन यूनियन को सभी के साथ समन्वय कराने की प्रशंसा की।

इससे पूर्व डा. एस.डी. सामन्तराय, विभागाध्यक्ष, संगणक अभियंत्रण एवं कार्यक्रम के समन्वयक ने कार्यक्रम की विस्तृत रूप–रेखा प्रस्तुत की। जी–20 के तहत महाविद्यालय द्वारा आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों जैसे अर्बन20(यू20), स्टार्टप(एस20), बिजनेस20(बी20), यूथ20(वाई20), वूमेन20(डब्लू20), सिविल20(सी20) एवं साइंस20(एस20) का संक्षिप्त विवरण दिया। इस कार्यक्रम में इन विषयों पर विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिये जायेंगे एवं छात्रों द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डा. अलकनन्दा अशोक, अधिष्ठाता, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अन्य गणमान्यों तथा महाविद्यालय के विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों एवं छात्रों के साथ दीप प्रज्जवलन कर किया गया।




*कार्यक्रम में मंचासीन अधिष्ठात्री, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. अलकनन्दा अशोक एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह।*

**निदेशक संचार**